## एक नजर में

### केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से दिल्ली में की मुलाकात



**धार।** गुरुवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री, धार –महू लोकसभा क्षेत्र सांसद सावित्री ठाकुर ने कृषि क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं व जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। इस दौरान धार में कृषि महाविद्यालय की स्थापना सहित विभिन्न कृषि संबंधी विषयों पर चर्चा की और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को धार लोकसभा क्षेत्र में पधारने का आमंत्रण भी दिया। उक्त जानकारी संजय शर्मा ने दी।

### स्वतंत्रता दिवस पर तिरला महिला सरपंच को दिल्ली में विशेष अतिथि का सम्मान

**धार।** नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वंतत्रता दिवस समारोह






2025 के लिए विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत तिरला की महिला सरपंच श्रीमती आरती पटेल को विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु नामांकित किया गया है जिन्होने मध्यप्रदेश की श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सरपंच के रूप में चयन किया गया है। इस सौभाग्यशाली क्षण के पूर्व गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने महिला सरपंच श्रीमती आरती पटेल का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाल किले पर स्वंतत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने पर स्वागत कर बधाई दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेढा भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा मनीष प्रधान दीपक शर्मा अंकित भावसार कपिल निनामा हुकुम लश्करी उपस्थित थे।

### 101 डमरू की ताल पर श्री धारेश्वर महादेव के श्री चरणों में सोमवार को होगी प्रस्तुति

**धार।** आदेश आरती मंडल के तत्वावधान में सावन की पवित्र माह में 4 अगस्त सोमवार को शिव भक्त अलग ही निराले अंदाज



में धार नाथ महादेव के श्री चरणों में अपनी प्रस्तुति देंगे। धार शहर के इतिहास में पहली शिव भक्त शाम 6:00 बजे धारेश्वर महादेव मंदिर में शिव चरणों में लीन 101 डमरू वादक एक अलग अंदाज में डमरू की ताल पर श्री धारेश्वर महादेव के श्री चरणों में प्रस्तुति देंगे और डमरू की ताल से गुंजायमान होगा धार शहर। उक्त जानकारी देते हुए समिति के मीडिया समन्वयक ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि इस प्रकार 18 अगस्त को आदेश मंडल द्वारा प्रतिवर्षानुसार निकलने वाली बाबा धारनाथ की शाही सवारी के साथ प्रथम बार धारा नगरी के कोतवाल प्राचीन श्री काल भैरव अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए अपने लाव लश्कर, ढोल नगाड़े,झांज डमरू के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

### अमेज़न के ग्रेट फ्रीडम फ़ेस्टिवल में बड़ी खरीदारी करें

इंदौर. 31 जुलाई से लाइव हो रहे अमेजन.इन के बहुप्रतीक्षित ग्रेट फ्रीडम फ़ेस्टिवल के साथ अपनी पसंद की खरीदारी कर आज़ादी का जश्न मना सकते हैं. चाहे अपने तकनीकी उत्पादों को अपग्रेड करना हों, अपने घर को सजाना चाहते हों या अपनी अलमारी को नया रूप देना हों, ग्रेट फ्रीडम फ़ेस्टिवल सेल आपके लिए है. भारत के सबसे पसंदीदा ब्रांड्स के स्मार्टफ़ोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फ़ैशन, ब्यूटी, किराना, घरेलू ज़रूरी सामान और अन्य उत्पादों के रोमांचक नए लॉन्च और उन पर शानदार डील्स उपलब्ध है. स्थानीय कारीगरों, उभरते स्टार्टअप और महिला उद्यमियों द्वारा संचालित व्यवसायों के विभिन्न उत्पाद भी यहां पा सकते हैं. ग्राहक एसबीआई बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई का उपयोग करके 10% तत्काल छूट का लाभ उठा सकते हैं.

### बीएसए मोटरसाइकल्स ने लॉन्च की दो नई बाइक्स

इंदौर. ब्रिटेन के प्रतिष्ठित विरासत ब्रांड बीएसए मोटरसाइकल्स ने दो नई बाइक्स– बीएसए स्क्रैम्बलर 650 और बीएसए बैंटम 350 लॉन्च की हैं. यह लॉन्च बीएसए की ऐतिहासिक यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ता है, जिसमें 1861 से चली आ रही क्लासिक मोटरसाइक्लिंग को आज के दौर की परफॉर्मेंस, स्टाइल और इनोवेशन के साथ फिर से गढ़ा गया है. क्लासिक लीजेंड्स के को–फाउंडर अनुपम थरेजा ने कहा आज मैं सिर्फ एक मोटरसाइकिल नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत, एक जुनून को दोबारा ज़िंदा करने की कोशिश लेकर आया हूं– बीएसए बैंटम की वापसी के रूप में. नई बैंटम 350 कोई पुरानी बाइक की नकल नहीं है, न ही बीते ज़माने की कोई याद भर है. यह एक दमदार मॉडर्न क्लासिक है, जो उसी सादगी और राइडिंग के असली आनंद पर बनी है, जिसने ओरिजिनल बैंटम को खास बना दिया था– और वो भी बेहद आकर्षक कीमत पर.

### मैकडॉनल्ड्स ने लॉन्च किया 'प्रोटीन प्लस स्लाइस'

इंदौर. वेस्ट लाइफ फूड वर्ल्ड द्वारा संचालित मैकडॉनल्ड्स इंडिया ने ग्राहकों को पहले से कहीं अधिक व्यक्तिगत पोषण विकल्प प्रदान करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है. ब्रांड ने अपने नवीनतम 'प्रोटीन प्लस रेंज' की घोषणा की, जिसमें शामिल है देश का पहला 100% शाकाहारी, पौधों पर आधारित 'प्रोटीन स्लाइस', जो किसी भी बर्गर में 5 ग्राम अतिरिक्त प्रोटीन जोड़ता है. वेस्ट लाइफफूडवर्ल्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षय जाटिया ने कहा मैकडॉनल्ड्स इंडिया में हमारा विश्वास हमेशा से ग्राहकों को अधिक विकल्प देने में रहा है. इस बार हम उन्हें अपनी प्रोटीन मात्रा को खुद तय करने की शक्ति दे रहे हैं. प्रोटीन प्लस रेंज उन्हें अपनी प्रोटीन ज़रूरतों या स्वाद से समझौता किए बिना अपने पसंदीदा मैकडॉनल्ड्स बर्गर का आनंद लेने की अनुमति देती है. सीएसआईआर–सीएफटीआरआई की निदेशक डॉ. श्रीदेवी अन्नपूर्णा सिंह ने कहा मल्टी–मिलेट बुन की सफलता के बाद, हम इस नई साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं.

### लोगों से जुड़ाव भी महसूस कराता है शो

इंदौर. अभिनेत्री और टेलीविजन हस्ती सोनाली बेंद्रे कलर्स के आगामी रियलिटी शो पति पत्नी और पंगा के साथ छोटे पर्दे पर एक होस्ट के रूप में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी के साथ सह–होस्ट किया गया यह शो रिश्तों, प्यार और साहचर्य पर एक ताजा और प्रामाणिक दृष्टिकोण पेश करता है. सोनाली के अनुसार, मुनव्वर भ्रमित पतियों के अनौपचारिक प्रवक्ता हैं, जबकि वह पत्नी का नज़रिया सामने लाती हैं, जिससे यह शो न सिर्फ़ मनोरंजक बनता है, बल्कि लोगों से जुड़ाव भी महसूस कराता है.








# विभाग के सुस्त अधिकारियों की कार्यप्रणाली जनता को पड़ रही भारी

## लाबरिया गोशाला से माही डेम तक की सड़क बनी क्षेत्र के लिए बड़ी मुसीबत

**मयंक जायसवाल**

**लाबरिया ।** माही मुख्य बांध जो की धार जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर स्थित होकर दो जिलों की सीमाओं को जोड़ता है मुख्य बांध पहुंच मार्ग सड़क की हालत दिन प्रतिदिन जर्जर होती जा रही है जिससे राहगीरों को निकालने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथी यह मार्ग झाबुआ जिले के प्रसिद्ध तारखेड़ी धाम को भी जाता है जिस वजह से आए दिन इस मार्ग पर से सैकड़ो वाहनों का आवागमन बना रहता है.

जिससे राहगीर परेशान नजर आते हैं और विभागों को कोसते हैं क्योंकि सरकार द्वारा सड़क बिजली और पानी पर बहुत ज्यादा फोकस किया जाता है परंतु यहां के विभागों की खींचतान के चलते इस मार्ग का सुदूर होना अभी तक मुमकिन नहीं हो पाया है.

जल संसाधन विभाग का भी इस और कोई ध्यान नहीं है खानापूर्ति के लिए विभाग अपनी जिम्मेदारियां से पल्ला झाड़ता हुआ दिखाई दे रहा है जल संसाधन द्वारा प्रधानमंत्री सड़क विभाग को एक लेटर जारी कर अपने कार्यों से इति श्री करते हुए नजर आए हैं उन्होंने लेटर जारी कर अपने माथे से जिम्मेदारियां का पल्ला झाड़ है ऐसा प्रतीत होता है लेटर जोकि 18 अक्टूबर 2023 को प्रधानमंत्री सड़क योजना विभाग को जारी किया था उसके बाद से आज तक जल संसाधन विभाग द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया है मानो लेटर जारी कर उसने अपना कार्य इतिश्री कर लिया हो। यह मंशा जल संसाधन विभाग की प्रतीत होती नजर आती है। और यह मार्ग आसपास के कई गांवों के मुक्ति धाम हेतु भी रहता है परंतु इस मार्ग का एसी स्थिति में होना कहीं ना कहीं कई प्रश्नों को खड़ा करता है कि आखिरकार इस मार्ग की सुध कोई जिम्मेदार लेने को तैयार क्यों नहीं है!! आखिरकार कब तक इस समस्या से राहगीरो– ग्रामीणजनों को सामना करना पड़ेगा ।

### बारिश के दिनों में हालत और भी बदतर

माही मुख्य बाँध जो की बारिश के मोसम में एक बहुत ही शानदार पर्यटक स्थल नज़र आता है क्यों की बारिश होने से यहाँ डेम के गेट खुलने पर पर्यटकों का ताँता लगा रहता है जिससे कि हज़ारों पर्यटक माही मुख्य बाँध पर आते हैं अपितु रोड़ा कि इस दुर्दशा को देख का हर कोई इसे कोसते नज़र आता हे ।प्रधानमंत्री सड़क योजना विभाग* के पास इस सड़क को बनाने का कोई प्रावधान नहीं हे इस विषय मे जब उनके ज़िम्मेदार अधिकारी से चर्चा की तो बताया की इस सड़क को जल संसाधन विभाग ही बना सकता हे हमारे पास इसका अभी तक कोई प्रारूप नहीं आया हे । *माही विभाग एसडीओ* जामोद द्वारा चर्चा करने पर बताया की मैंने मेरे आगे संबंधित अधिकारियो को अवगत कराया ह जल्द ही निराकरण के लिए प्रयास में लगे ह ।





# हितानंद शर्मा ने पूर्व विधायक पाटीदार को दी श्रद्धांजलि

**धार।** भारतीय जनता पार्टी धार के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं बदनावर पूर्व विधायक पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष किसान नेता श्री खेमराज पाटीदार का 20 जुलाई को बदनावर विधानसभा के ग्राम गजनोद में असमय निधन हो गया था।

शुक्रवार को भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा उनके निवास ग्राम गाजनोद पहुंचकर स्व पाटीदार जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव इंदौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चाव?ा ईश्वर कटारा मंडल अध्यक्ष संतोष पाटीदार समेत उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धांजलि दी। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया

**सरदारपुर ।** संचालनालय भोपाल निर्देशन एवं खेल और युवा कल्याण धार के मार्गदर्शन में सरदारपुर विकासखंड में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत खिलाड़ियों को नशे के बारे में अवगत करवाया गया वह नशा छोड़ने के लिए शपथ दिलवाई गई इस उपलक्ष में खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर प्रशिक्षक चंचल खराड़ी, फुटबाल प्रशिक्षण शैलेंद्र पाल, खेल परिसर के नरेंद्र डागी व खेल युवा कल्याण की सुनीता भाबर उपस्थित रहे ।




# सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था पर जिम्मेदारों का नहीं है ध्यान, शिक्षा कम व्यापार ज्यादा

**सरदारपुर.** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय धार के अधिकारियों और बाबूओं की मेहरबानी से 10 साल से अधिक समय से जमे शिक्षक शिक्षिका दसई के प्राथमिक, माध्यमिक, एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में अंगद के पैर की तरह जमे हुए हैं ।अधिकतम शिक्षक एवं शिक्षिका स्थानीय है जो बच्चों की शिक्षा से ज्यादा उन्हें घर व खेत के निजी कार्य को प्राथमिकता देते हैं।, बच्चों की शिक्षा एवं उनके भविष्य कीसमय से कोई चिंता नहीं है शिक्षा को प्राथमिकता ना देकर घर व खेत को प्राथमिकता दी जा रही है। भाजपा सरकार की छवि खराब कर रहे हैं हजारों का वेतन देने के बाद भी शिक्षा से वंचित है बच्चे अध्यापक क्यों शिक्षा का इतिहास नहीं लिख पा रहे हैं अपनी मनमर्जी के मालिक है



स्थानीय छुटभैयो के सपोर्ट से 10 सालों से अधिक समय से एक ही जगह स्थिर जमे हुए हैं। ऐसे में सहायक आयुक्त जनजातिय कार्य विभाग धार पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्षेत्र में वर्षों से जमे शिक्षक व शिक्षिकाओ पर सरकार की ट्रांसफर नीति इन पर क्यों नहीं हो रही है लागू। क्या यह सहायक आयुक्त की मेहरबानी से यहां जमे हुए हैं या किसी नेताओं की नेतागिरी से जमे हुए हैं। आखिरकार बच्चों के भविष्य के साथ कब तक खिलवाड़ होता रहेगा ।

**ग्रामीणों का आरोप** –नाम ना छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने हमें सूचना दी कि उन्होंने इन शिक्षक शिक्षिकाओं की शिकायत पूर्व में भी सहायक आयुक्त जनजातिय कार्य विभाग में की थी लेकिन अफसर और बाबुओं की मेहरबानी से यहां कई शिक्षक –शिक्षक 10 साल से अधिक जमे हुए हैं और बच्चों को पढ़ाना छोड़कर सारे काम कर रहे हैं ।इस संबंध में सहायक आयुक्त और कार्यालय के बाबुओं के खिलाफ शीघ्र ही ग्रामीणजन मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री से मिलकर मय सबूत के ज्ञापन देंगे।

### जिम्मेदार का कहना

इस मामले की शिकायत अगर मेरे पास आती है तो मैं इस मामले को दिखावता हूं जनजातीय सहायक आयुक्त धार

# आत्मिक शुद्धि से मिटेगी बाहरी शत्रुता : साध्वी तत्वलता श्रीजी

### टांडा में नवकार मंत्र आराधना प्रारंभ

**टांडा** – हम अपने आस पास शत्रु देखते है तथा उनसे शत्रुता रखते है। जबकि शत्रुता तो हमने अपने अंदर पाल रखी है । जब तक आत्मा में छिपे हुए राग द्वेष रूपी शत्रु को नही निकालेंगे तब तक हमारे कषाय दूर नही होंगे ।राग द्वेष रूपी कषाय के निकलते ही हमे शत्रु भी मित्र लगने लगेंगे। नवकार महामंत्र हमे नम्रता का भाव सिखलाता है। विश्व मंगलकारी इस मंत्र को भाव पूर्वक जपने से व्यक्ति में विनम्रता आती है। उक्त बात पुण्य सम्राट के पट्टधर विशाल गच्छाधिपति हृदय सम्राट आचार्य श्री नित्यसेन सूरीजी महाराज की आज्ञानुवर्ती मधुर प्रवचन कार पूज्य साध्वी तत्वलता श्रीजी महाराज सा ने टांडा जैन आराधना भवन में प्रवचन में कहे



।आपने आगे कहा की नवकार महामंत्र में कुल 9 पद एवं 68 अक्षर है। श्रद्धा से जप करने पर मात्र 1 अक्षर में 7 सागरोपम के कषाय खत्म करने की ताकत है। आपने पल्योपम तथा सागरोपम को भी विस्तार से समझाया ।

पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयंतसेन सूरीजी महाराज सा ने वर्ष 1961 में नवकार महामंत्र आराधान प्रारंभ करवाई थी, जो 65 वर्षो से अनवरत चल रही है। यह आराधना प्रति वर्ष श्रावण सुदी सप्तमी से प्रारंभ होकर पूर्णिमा तक नव दिवसीय होती है ।

टांडा में तत्व चिंतन चातुर्मास में पूज्य साध्वीजी भगवंत ने विधि विधान से नव दिवसीय आराधना प्रारंभ करवाई। भगवान की प्रतिमा विराजमान करने का लाभ संतोष कुमार जी डांगी, नवकार मंत्र का फोटो विराजमान करने का लाभ संतोष कुमार भंडारी, गुरुदेव का फोटो विराजमान करने का सुरेश कुमार कोठारी, वासक्षेप पूजन का सागरमल जी चौधरी व निर्मल जैन, अखंड दीपक का आनंदीलालजी डूंगरवाल तथा आरती का चढ़ावा घिसीबाई हीराचंद जी चौहान परिवार ने लिया ।अतिथि सत्कार का लाभ सुरेश कुमार शांतिलाल जी कोठारी परिवार ने लिया ।

**एक नजर** | **तीन व्यक्तियों द्वारा बेइमानी से असली सोने के सिक्के देकर दस लाख की ठगी की**

# सोने की चमक में शिक्षक की आँखे चौधियायी और ठग ने 5नकली सिक्के थामकर 10 लाख रूपये का लगाया चूना

**कुक्षी।** शिक्षक को सोने के सिक्कों का लालच देकर ठग नकली सिक्के थमाकर लाखों रूपये ले उड़े .लालच में पडे शिक्षक नें घर के गहने गिरवी रखकर रुपयों का इंतजाम कर इन्हें खरीदा था ।यह सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है.आलीराजपुर जिले के नानपुर निवासी पियुष पिता रामेश्वर वाणी नें पुलिस को दी जानकारी में बताया की 26 जुलाई को नानपुर मे मेरे पिताजी दुकान पर बैठे थे तभी एक अज्ञात व्यक्ति दुकान पर आया और कुछ सामान खरीदा और पिताजी को कुछ चाँदी के पुराने सिक्के होने की बात बताई जो कि सिक्के खुदाई में मिले है और उन्हें बेचना है.यदि आप खरीदना चाहते हो तो मैं 800 रूपये में एक सिक्का आपको बेच दूंगा.मेरे





पिताजी से उनके मोबाइल नबर भी लिए एवं उसी दिन रात्री में उसके मोबाईल न.7339794213 से मेरे पिताजी के मोबाईल न.9752056813 पर फोन आया और बताया कि मुझे खुदाई में पीले सिक्के भी मिले है जो मुझे समझ में नहीं आ रहे है, अगर आपको देखना है तो कुक्षी आ जाओ तो दूसरे दिन रविवार के दिन में करीब 12.30 बजे मैं व मेरी माताजी पुष्पाबाई व पिताजी रामेश्वर वाणी के साथ कार से बायपास में रम्पी डम्पी स्कूल कुक्षी के गैट पर आये वहा पर तीन लोगों के साथ जिनमे एक महिला भी शामिल थी. जिसने अपना नाम संतोष प्रजापति व साथ में महिला को अपनी मां व पुरुष को मामा होना बताया.इसके बाद कार में बैठकर उन्होंने पीले कलर के थैली में रखे करीबन ढाई किलो ग्राम की सिक्के दिखाये और चेक किये जाने की बात कही मेरे पिताजी ने सुसारी जाकर वहाँ सुनार को बताया तो उपरोक्त सिक्का सोने का होना सुनार ने बताया तो हम लोगो को उन लोगो की बातो पर विश्वास हो गया की उपरोक्त सिक्के सोने के है। उक्त व्यक्ति ने उन सिक्के को 40 लाख रूपये में बेचना बताया.जिसका सौदा 10 लाख रूपये में तय कर रुपयों की व्यवस्था कर लेने का कहा।दो दिनों बाद 29 की सुबह करीब 07.45 बजे कुक्षी आये उनके द्वारा करीब 2 किलो सिक्के की थैली मेरे पापा को दिए तो पापा ने उसके बदले उनको 10 लाख रूपये दिये हम सिक्के लेकर नानपुर गये.जहां सुनार से उक्त सिक्के चैक कराते सुनार ने पितल के होना बताया फिर हम सिक्को को लेकर सुसारी आये जहां पुन:सुनार के यहां पर चैक कराये तो सभी सिक्के नकली होना बताया फिर हम लोगो ने उसके मोबाईल पर फोन लगाया तो उसका फोन बंद आया उसके बाद कुक्षी में तलाश किया गया। जिसने अपना नाम संतोष प्रजापति बताया था जिसकी उम्र करीब 35–40 साल व जिसको मां होना बताया उसकी उम्र करीब 55 साल व जिसको मामा होना बताया उसकी उम्र करीब 50 साल होना बताया। उपरोक्त तीनो व्यक्तियों द्वारा बेईमानी से असली सोने के सिक्के बताकर नकली पीतल के सिक्के देकर मेरे पापा रामेश्वर वाणी से नगद 10 लाख रूपये बेईमानी से लेकर लेकर ठगी की।